विभागीय पत्रांक 4407 दिनांक 13.10.2025 के आलोक में दिनांक 17.10.2025 को विभागीय क्रय समिति के समक्ष ई–निविदा के माध्यम से विधान सभा आम निर्वाचन, 2025 के अवसर पर मतदान के दिवस उपयोग होने वाली वाहनों में GPS के माध्यम से अनुश्रवण के लिए आमंत्रित निविदा में कुल 03 निविदा प्राप्त हुये है, जिसका तकनीकी परीक्षण निविदा के शर्तो के अनुरूप किये जाने की बैठक की कार्यवाही:–

उपस्थिति:–

1. श्री मिथिलेश कुमार साहु, संयुक्त सचिव–सह–अध्यक्ष।
2. श्री अशोक प्रियदर्शी, उप मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी (मु0)।
3. आंतरिक वित्तीय सलाहकार।
4. श्री धीरज कुमार, उप निर्वाचन पदाधिकारी (मु0)।
5. उद्योग विभाग के प्रतिनिधि–

उपस्थिति क्रय समिति के सदस्यों के समक्ष ई–निविदा के माध्यम से विधान सभा आम निर्वाचन, 2025 के अवसर पर मतदान के दिवस उपयोग होने वाली वाहनों में GPS के माध्यम से अनुश्रवण के लिए आमंत्रित निविदा पर निम्न 03 एजेंसियों का निविदा प्राप्त हुआ। 1.M/S GRAPHICS TRADES PVT LTD, PATNA 2. SNR EDATAS PRIVATE LIMITED, HYDERABAD एवं 3. XENOVEX TECHNOLOGIES PVT LTD, CHENNAI । प्राप्त 03 निविदाओं का तकनीकी पूर्व अर्हताएं एवं उस पर आधारित तकनीकी अंक मूल्यांकन किया गया। तीनों एजेंसियों का तुलनात्मक विवरणी संलग्न है। सर्वप्रथम 03 एजेंसियों का निविदा शर्तें के आधार पर 08 अर्हताओं पर समर्पित कागजातों की जाँच की गई तत्पश्चात 04 मापदंडो पर मूल्यांकन करते हुए तकनीकी परीक्षण पूर्ण किया गया। प्राप्त तकनीकी परीक्षण के उपरांत 03 एजेंसियों का प्राप्तांक निम्न प्रकार है:–

1.M/S GRAPHICS TRADES PVT LTD, PATNA- 86

2. SNR EDATAS PRIVATE LIMITED, HYDERABAD- 85

3. XENOVEX TECHNOLOGIES-77

RFP की कंडिका–11 कंडिका– 11 (A) (5) के शुद्धिपत्र के अनुसार प्रत्येक निविदाता को कम से कम 75 अंक प्राप्त करने है। उपरोक्त 03 निविदाता द्वारा निर्धारित न्यूनतम 75 अंक से ज्यादा अंक प्राप्त किये गये इस प्रकार उपरोक्त निविदा में सम्मिलित सभी 03 निविदाता सफल रहें।

इस प्रकार निविदा के दी गये मूल शर्ते के आधार पर सभी सफल 03 निविदाताओं का वित्तीय निविदा खोले जाने की विभागीय क्रय समिति सर्वसम्मिति से अनुशंसा करती है।

ह0/–
उद्योग प्रतिनिधि

ह0/–
धीरज कुमार,
उप निर्वाचन पदाधिकारी (मु0)

ह0/–
आंतरिक वित्तीय सलाहकार,

ह0/–
श्री अशोक प्रियदर्शी
उप मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी (मु0)

17.10.25
मिथिलेश कुमार साहु
संयुक्त सचिव।

ज्ञापांक– एम1-03/2025 4718

पटना, दिनांक 19 अक्टूबर, 2025 ई0।

प्रतिलिपि:– सभी संबंधित को सूचनार्थ हेतु प्रेषित।

17.10.25
मिथिलेश कुमार साहु
संयुक्त सचिव–सह–अध्यक्ष विभागीय क्रय समिति।